# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- university.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in
@msuniversity.ac.in

पत्रांक – 733/प्रशा0/2022-23
दिनांक – 17/6/2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय
सहारनपुर,

विषयः–विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 20.06.2022 से आयोजित संस्थागत /व्यक्तिगत बी0एड0,एम0ए0,बी0पी0एड,बी0एलड0,बी0एस0सी0(पी0एच0ई0) पाठ्यक्रमो की परीक्षाओ हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रो पर लगायें सी0सी0टी0वी0(ओडियो सहित) /डी0वी0आर0 के लिंक एवं IP Address अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओ को सुचारू रूप सें नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन पत्र संख्या –1043 / सत्तर–1–2022–16(9) / 2018 दिनांक 08 अप्रैल,2022 के प्रस्तर 02 एवं 03 के द्वारा प्रदान किये गये दिशा –निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय की परीक्षा केन्द्रो के परीक्षा कक्षो में आगे व पीछे की ओर सी0सी0टी0वी0 कैमरे(वॉइस रिकॉर्डर सहित) लगायें जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उपर्युक्त के आलोक में परीक्षा नियन्त्रक महोदय के निर्देशानुसार अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की वर्ष 2022 के अर्न्तगत संचालित बी0एड0,एम0ए0,बी0पी0एड,बी0एलड0,बी0एस0सी0(पी0एच0ई0) पाठ्यक्रमो की परीक्षाओं हेतु आपके महाविद्यालय में बनायें गयें परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से प्रत्येक परीक्षा कक्षो में आगे एवं पीछे के भाग मे दो सी0सी0टी0वी0 कैमरे(वॉइस रिकॉर्डर सहित) एवं रिकॉडिंग हेतु डी0वी0आर0 जिस पर राउटर डिवाइस लगी हो, की व्यवस्था करते हुये सी0सी0टी0वी0 कैमरो का लिंक एवं IP Address तत्काल विश्वविद्यालय सी0सी0टी0वी0 नियन्त्रण कक्ष को ई–मेल आई0डी0 ar@msuniversity.ac.in पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित कर ले कि लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरे(वॉइस रिकॉर्डर सहित) एवं रिकॉडिंग हेतु डी0वी0आर0 (राउटर डिवाइस सहित) भली भाँति कार्य कर रहे है अथवा नही।

उक्त के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 भी सी0सी0टी0वी0 नियन्त्रण कक्ष की ई–मेल आई0डी0 पर तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।

भवदीय

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

01. कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक जी माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर को सूचनार्थ।
02. कार्यालय,कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
03. परीक्षा समन्वयक माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)